शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामानुजगंज
जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)– 497220

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

छठवीं बैठक

दिनांक 13.07.2019, दिन–शनिवार

आज दिनांक 13.07.2019 को महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की छठवीं बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में दोपहर 03 बजे से आयोजित की गई। इस बैठक की कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है–

1. सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय ने उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात नये सत्र 2019–20 के लिए सभी को शुभकामनायें दी। प्रकोष्ठ के संयोजक ने बैठक के एजेण्डा की बिन्दुवार जानकारी दी।
2. प्रकोष्ठ ने सर्वप्रथम पूर्व में लिये गये निर्णयों पर हुये कार्यो की समीक्षा की तथा संतोष व्यक्त किया साथ ही अपूर्ण कार्यो को शीघ्र पूरा करने का संकल्प लिया गया।
3. शासन द्वारा घोषित अकादमिक कैलेण्डर व महाविद्यालय के आन्तरिक अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार शैक्षणिक व अशैक्षणिक गतिविधियों को संचालित करने का निर्णय लिया गया। विद्यार्थियों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं समयबद्ध मूल्यांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। ऐसा निर्णय लिया गया।
4. स्नातक कक्षाओं के प्रथम वर्ष में प्रस्तावित संशोधित पाठ्यक्रम के अनुरूप अध्यापन की रूपरेखा निर्मित करने का निर्णय लिया गया।
5. स्नातक कक्षाओं के प्रथम वर्ष में प्रस्तावित संशोधित पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों की सुविधा हेतु महाविद्यालय की बेवसाइट में शीघ्र अपलोड करने का निर्णय लिया गया। जिससे छात्रों की संशोधित पाठ्यक्रम तक पहुंच आसान हो सके।
6. इस शैक्षणिक सत्र 2019–20 में ICT आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया।
7. महाविद्यालय के फैकल्टी के प्रोफेशनल डेवलपमेन्ट के उद्देश्य से इस वर्ष दिसम्बर में डॉ. आर. बी. सोनवानी, सहायक प्राध्यापक (रसायनशास्त्र) को फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP) के लिए भेजने का निर्णय लिया गया।
8. महात्मा गाँधी जी की 150 वीं जयन्ती के समापन अवसर को देखते हुये महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजित किया जायेगा जिससे गाँधी जी के विचारों का प्रसार हो सके। ऐसा निर्णय लिया गया।
9. महाविद्यालय में अक्टूबर माह में सिंगल यूज प्लास्टिक को रोकने के सम्बध में एक लघु कार्यशाला/संगोष्ठी आयोजित किया जाने का निर्णय लिया गया।
10. छात्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये पुस्तको को क्रय करने का निर्णय लिया गया।

11. महाविद्यालय में प्रसाशनिक कार्यो में सुगमता के लिये प्रिन्टर क्रय करने का निर्णय लिया गया।
12. महाविद्यालय में विविध आवश्यकताओं और प्रपत्रों के संधारण हेतु अलमारियों को क्रय करने का निर्णय लिया गया।
13. महाविद्यालय में नये कार्सो को खोलने के लिए उच्च शिक्षा विभाग, रायपुर को मांग पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। जिसमें नये कोर्सो में एल.एल.बी., बी.ए. एल.एल.बी, एम.एस.सी रसायनशास्त्र, एम.एस.सी गणित और एम.एस.सी भौतिकशास्त्र के लिए आग्रह किया जाये।
14. महाविद्यालय द्वारा 02 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2019 तक स्वच्छता पखवाडा के रूप मनाने का निर्णय लिया गया।

15. महाविद्यालय के विभिन्न प्रमाण पत्रों जैसे विश्वविद्यालय सम्बद्दता प्रमाण पत्र, AISHE प्रमाण पत्र, UGC के 12(B) व 2(f) प्रमाण पत्रों में महाविद्यालय के नाम में एकरूपता होना आवश्यक है। इसके लिए सर्वप्रथम विश्वविद्यालय सम्बद्दता प्रमाण पत्र में महाविद्यालय के नाम को संशोधित कराने का निर्णय लिया गया और इसके संशोधित होते ही AISHE के सर्टिफिकेट में इसी के अनुरूप परिवर्तन कराने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अन्त में IQAC के कोर्डिनेटर डॉ॰ आर॰ बी॰ सोनवानी ने सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्राचार्य की अनुमति से बैठक को समाप्त घोषित किया गया ।

आज दिनांक 13.07.2019 की इस बैठक में निम्नालिखित सदस्य उपस्थित रहे।

1. श्री अगस्टिन कुजूर, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी)
2. शनि कुमार धारी, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)
3. श्री रमेश कुमार खैरवार, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
4. श्री रामजीत राम, कार्यालयीन सदस्य।
5. श्री रमेश गुप्ता, प्रयोगशाला तकनीशियन।

IQAC
संयोजक

Govt Larang Sai P.G. College Ramanujganj (C.G.) ★ AISHE C-9753

प्राचार्य
शा0 लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामानुजगंज जिला–बलरामपुर–रा0गंज (छ0ग0)

शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामानुजगंज जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)